श्रीराम सुपर 252 और 272 रीसर्च व्हीट से बढ़ी उत्पादकता

लुधियाना। पंज़ाब के किसान श्रीराम सुपर 252 और श्रीराम सुपर 272 रीसर्च व्हीट का इस्तेमाल करने के बाद बेहद खुश हैं। श्रीराम फार्म सोल्यूशंस ने किसानों की फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक अनुसंधान-उन्मुख उत्पाद विकसित किए हैं।

श्रीराम सुपर 252 और श्रीराम सुपर 272 रीसर्च व्हीट के लॉन्च के बाद इनकी लोकप्रियता बहुत अधिक बढ़ गई है, पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों के किसान गेंहू की इन किस्मों को ख़ूबपसंद कर रहे हैं। 2016 में श्रीराम फर्टीलाइजर्स एंड कैमिकल्स में गेंहू के विश्व-विख्यात वैज्ञानिकों ने इन किस्मों का विकास किया। श्रीराम सुपर 252 और श्रीराम सुपर 272 इनकी उत्पादकता के चलते बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। पीलीरस्ट बीमारी के लिए इनमें बहुत अधिक सहिष्णुता है, जिसके चलते ये पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड एवं तेरारी क्षेत्रों में गेहू किसानों की पहली पसंद बन गए हैं। श्रीराम सुपर 252 रीसर्च व्हीट में ज्यादा वजन वाले बड़े दाने हैं, इसकी फसल की ऊंचाई 103 सेंटीमीटर होती है। यह उत्पाद जल्दी और देर से बुवाई के लिए उपयुक्त है।

लुधियाना के जगराव से एक किसान हरमिंदर सिंह ने 20 एकड़ जमीन में श्रीराम सुपर 252 रीसर्च व्हीट बोया, जिसके चलते उनके खेत की उत्पादकता 2.40 क्विंटल प्रति एकड़ बढ़ गई। उनकी 20 एकड़ जमीन से उन्हें रु 62,800 का अतिरिक्त मुनाफा हुआ है। वे श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स द्वारा पेश की गई गेंहू की इन नई किस्मों से हुए मुनाफे के कारण बेहद खुश हैं। पंजाब के किसानों को श्रीरामसुपर 272 रीसर्च व्हीट से भी फायदा हुआ है, इसके इस्तेमाल के कारण उनकी उत्पादकता प्रति एकड़ 2.1 से 2.40 क्विंटल तक बढ़ गई है।